# सात दिवसीय विशेष शिविर दिनांक 12 मार्च. 2024 से 18 मार्च. 2024 तक

## सात दिवसीय विशेष शिविर कार्यक्रम
## दिनांक 12 मार्च, 2024
## उद्घाटन

**12/03/2024** पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय बालिका महाविद्यालय सेवापुरी में राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय शिविर का उद्घाटन करते हुए पूर्व संयुक्त शिक्षा निदेशक, उच्च शिक्षा, उत्तर प्रदेश डॉ विरेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा, उन्होंने अपने उद्बोधन में आगे कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना आपको व्यक्ति, समाज और राष्ट्र की सेवा के लिए तैयार करता है। देश का भविष्य युवा हाथों में सुरक्षित है, किन्तु उनके दिग्भ्रमित होने की संभावना भी ज्यादा रहती है, ऐसे में यह शिविर उनके लिए पथ प्रदर्शक सिद्ध होगा। सर्वप्रथम अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ और अंगवस्त्रम से किया गया और उन्हें स्मृति चिह्न प्रदान किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कार्यक्रम अधिकारी डॉ सुधा तिवारी के नेतृत्व एवं निर्देशन में प्रारंभ हुआ, जिसमें मैं नहीं, पहले आप की सेवा का संकल्प लिया गया। शिविर के प्रथम सत्र को संबोधित करते हुए मास्टर नन्दलाल ने कहा कि संस्कार हमारे समाज के नियन्ता होते हैं, लेकिन जो संस्कार हमें हमारे मूलभूत अधिकारों से वंचित करें, उन्हें छोड़ देने में ही भलाई है। भारतीय संविधान हमारे मौलिक अधिकारों का संरक्षक है, अंत: हमें संविधान के प्रति जागरूक रहना चाहिए।

शिविर के बौद्धिक सत्र में मास्टर नन्दलाल ने **महिला सशक्तिकरण की दिशा में सकारात्मक कदम"** विषयक अपने व्याख्यान में बताया कि केन्द्र एवं राज्य सरकारों ने मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिलाओं के प्रति होने वाले उत्पीड़न/शोषण के खिलाफ अनेक मुहिम चलाया है, जो महिला सुरक्षा/संरक्षा की गारंटी के साथ उनके सशक्तिकरण हेतु अनेक लाभकारी योजनाओं का क्रियान्वयन भी किया है। कार्यक्रम में डॉ वर्मा ने छात्राओं से प्रश्नोत्तर के माध्यम से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं का वैधानिक समाधान बताया। प्रथम सत्र का संचालन डॉ सुधा तिवारी और बौद्धिक सत्र का संचालन प्रो सत्यनारायण वर्मा ने किया, धन्यवाद ज्ञापन सुश्री गीता रानी शर्मा ने किया। इस अवसर पर प्रो राम कृष्ण गौतम, प्रो अर्चना गुप्ता, डॉ सर्वेश कुमार सिंह, डॉ सौरभ सिंह, डॉ सुष्मिता, सुश्री प्रिया मिश्रा और शिविरार्थी उपस्थित रहे।










## सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का शुभारंभ



पूर्वाचल राज्य ब्यूरो, वाराणसी, सेवापुरी। स्थानीय क्षेत्र के भीषमपुर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय बालिका महाविद्यालय में सात दिवसीय राष्ट्रीय योजना शिविर का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर पूर्व संयुक्त शिक्षा निदेशक, उच्च शिक्षा, उत्तर प्रदेश डॉ विरेन्द्र प्रताप सिंह ने उपस्थित छात्राओं से कहा की लक्ष्य निर्धारित कीजिए उसके अनुरूप पूरी लगन से कार्य कीजिये सफलता आपके कदम चूमेगी आगे उन्होंने अपने उद्बोधन में आगे कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना आपको व्यक्ति समाज और राष्ट्र की सेवा के लिए तैयार करता है। देश का भविष्य युवा हाथों में सुरक्षित है किन्तु उनके दिग्भ्रमित होने की संभावना भी ज्यादा रहती है ऐसे में यह शिविर उनके लिए पथ प्रदर्शक सिद्ध होगा। कार्यक्रम का आयोजन कार्यक्रम अधिकारी डॉ सुधा तिवारी के नेतृत्व एवं निर्देशन में प्रारंभ हुआ जिसमें मैं नहीं पहले आप की सेवा का संकल्प लिया गया। सर्वप्रथम अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ और अंगवस्त्रम से किया गया और उन्हें स्मृति चिह्न प्रदान किया गया। शिविर के प्रथम सत्र को संबोधित करते हुए नन्दलाल मास्टर ने कहा कि संस्कार हमारे समाज के नियन्ता होते हैं, लेकिन जो संस्कार हमें हमारे मूलभूत अधिकारों से वंचित करें, उन्हें छोड़ देने में ही भलाई है। भारतीय संविधान हमारे मौलिक अधिकारों का संरक्षक है, अंतः हमें संविधान के प्रति जागरूक रहना चाहिए। प्रथम सत्र का संचालन डॉ सुधा तिवारी और बौद्धिक सत्र का संचालन प्रो सत्यनारायण वर्मा ने किया, धन्यवाद ज्ञापन सुश्री गीता रानी शर्मा ने किया। इस अवसर पर प्रो राम कृष्ण गौतम, प्रो अर्चना गुप्ता, डॉ सर्वेश कुमार सिंह, डॉ सौरभ सिंह, डॉ सुष्मिता, सुश्री प्रिया मिश्रा और शिविरार्थी उपस्थित रहे।



# सात दिवसीय विशेष शिविर कार्यक्रम
# दिनांक 13 मार्च, 2024
# द्वितीय दिवस

राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के **द्वितीय दिवस** का आयोजन आज दिनांक 13/03/2024 को NSS कार्यक्रम अधिकारी डॉ सुधा तिवारी के नेतृत्व में किया गया.शिविर के प्रथम सत्र का आरंभ प्रार्थना एवं NSS लक्ष्य गीत से किया गया. NSS शिविरार्थियो द्वारा योग अभ्यास के पश्चचात् ग्राम भीखमपूर् में जागरुकता रैली निकाली गई जिसमें बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ, महिला सशक्तिकरण, शिक्षा के महत्व के नारे लगाए गए.

भोजन-अवकाश के पश्चात् द्वितीय सत्र में बौद्धिक संगोष्ठी के मुख्य वक्ता असोसिएट प्रोफेसर सुश्री गीता रानी शर्मा ने NSS शिविरार्थियो को उद्बोधित करते हुए उनमे सामाजिक- राष्ट्रीय सेवा भावना जागृत किया और ध्यान मुद्रा का अभ्यास कराया गया. अपने वक्तव्य में सुश्री गीता रानी शर्मा ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य एवं लक्ष्य से अवगत कराते हुए अनुशासित जीवन के किये प्रेरित किया. शिविर के बौद्धिक सत्र में महाविद्यालय प्राचार्य प्रो (डॉ) सुधा पांडे ने महिलाओं की आजादी उनकी आर्थिक आत्मनिर्भरता पर निर्भर करती है. महिलाएं आर्थिक रूप से जितनी सशक्त होंगी, सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से उतनी ही स्वतंत्र- यह उद्बोधन पं दीन दयाल उपाध्याय राजकीय बालिका महाविद्यालय सेवापुरी में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के बौद्धिक सत्र में प्रो. घनश्याम कुशवाहा, विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र ने व्यक्त किए, उन्होंने आगे कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकारों द्वारा चलाई गई तमाम सरकारी योजनाओं को क्रियान्वित करने के उपरांत ही नारी सशक्तिकरण के लक्ष्य को पूरा किया जा सकता है. धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम अधिकारी डॉ सुधा तिवारी ने किया. इस अवसर पर महाविद्यालय की डॉ कमलेश वर्मा, डॉ. अर्चना गुप्ता, डॉ कमलेश सिंह, श्री राम किंकर सिंह, डॉ मिथिलेश मिश्र, श्री दयाराम, श्री मिट्ठू एवं अन्य स्टाफ उपस्थित थे.


NATIONAL SERVICE SCHEME
राष्ट्रीय सेवा योजना
GPS Map Camera
Sirhira, Uttar Pradesh, India
8QR4+PM9, Sirhira, Bhikhampur, Uttar Pradesh 221403, India
Lat 25.340789°
Long 82.755426°
13/03/24 09:13 AM GMT +05:30
Google




GPS Map Camera
Sirhira, Uttar Pradesh, India
8QR4+PM9, Sirhira, Bhikhampur, Uttar Pradesh 221403, India
Lat 25.340789°
Long 82.755426°
13/03/24 10:54 AM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Sirhira, Uttar Pradesh, India
8QR4+PM9, Sirhira, Bhikhampur, Uttar Pradesh 221403, India
Lat 25.340789°
Long 82.755426°
13/03/24 08:54 AM GMT +05:30
Google


पं० दीनदयाल उपाध्याय
राजकीय बालिका महाविद्यालय
NATIONAL SERVICE SCHEME
राष्ट्रीय सेवा योजना
GPS Map Camera
Sirhira, Uttar Pradesh, India
8QR4+PM9, Sirhira, Bhikhampur, Uttar Pradesh 221403, India
Lat 25.340789°
Long 82.755426°
13/03/24 08:46 AM GMT +05:30
Google



NATIONAL SERVICE SCHEME
राष्ट्रीय सेवा योजना
GPS Map Camera
Sirhira, Uttar Pradesh, India
8QR4+PM9, Sirhira, Bhikhampur, Uttar Pradesh 221403, India
Lat 25.340789°
Long 82.755426°
13/03/24 08:58 AM GMT +05:30
Google

# सात दिवसीय विशेष शिविर कार्यक्रम
# दिनांक 14 मार्च, 2024
# तृतीय दिवस

राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के तृतीय दिवस का आयोजन आज दिनांक 14/03/2024 को महाविद्यालय की प्रचार्य प्रो (डॉ) सुधा पांडे के संरक्षण मे NSS कार्यक्रम अधिकारी डॉ सुधा तिवारी के द्वारा किया गया.शिविर के प्रथम सत्र का आरंभ प्रार्थना, NSS लक्ष्य गीत एवं योग अभ्यास से किया गया. शिविर के प्रथम सत्र में महाविद्यालय की शिविरार्थियों द्वारा सामाजिक जागरूकता के अंतर्गत सड़क सुरक्षा जन-जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें यातायात के नियमों का पालन करने, हेलमेट लगाने, मद्यनिषेध आदि का पालन करने पर बल दिया गया. NSS द्वारा तख्खु की बौली, भीखमपूर् में मतदाता जागरुकता रैली निकाली गई. शिविरार्थियो द्वारा महाविद्यालय परिसर की सफाई की गयी. उल्लेखनीय है महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो (डॉ) सुधा पांडे ने झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया,जो महाविद्यालय परिसर से तक्खू की बौली बाज़ार तक गई. छात्राओं ने शारीरिक श्रमदान के रूप में महाविद्यालय परिसर की सफाई किया. भोजन- अवकाश के पश्चात् द्वितीय सत्र में बौद्धिक संगोष्ठी मे मुख्य वक्ता असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ सौरभ ने NSS शिविरार्थियो को उद्बोधित करते हुए नेतृत्व भावना एवं श्रम दान के लिए प्रेरित किया. छात्र जीवन के दौरान व्यक्तित्व विकास की महत्वपूर्ण बिंदियो को सांझा करते हुए शिविरार्थियो को समाज सेवा के लिए उत्साहित किया.इस अवसर पर महाविद्यालय की डॉ एस एंन वर्मा, डॉ कमलेश वर्मा, डॉ राम कृष्ण गौतम, सुश्री गीता रानी शर्मा, डॉ. अर्चना गुप्ता, डॉ सर्वेश सिंह,डॉ घनश्याम सिंह, डॉ कमलेश सिंह, डॉ सुश्मिता कुमारी, सुश्री प्रिया मिश्रा,डॉ श्री राम किंकर सिंह, डॉ मिथिलेश मिश्र, श्री दयाराम, श्री मिट्ठू एवं अन्य स्टाफ उपस्थित थे.


GPS Map Camera
Sirhira, Uttar Pradesh, India
8QR4+PM9, Sirhira, Bhikhampur, Uttar Pradesh 221403, India
Lat 25.340789°
Long 82.755426°
14/03/24 09:11 AM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Sirhira, Uttar Pradesh, India
8QR4+PM9, Sirhira, Bhikhampur, Uttar Pradesh 221403, India
Lat 25.340789°
Long 82.755426°
14/03/24 09:07 AM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Sirhira, Uttar Pradesh, India
8QR4+PM9, Sirhira, Bhikhampur, Uttar Pradesh 221403, India
Lat 25.340789°
Long 82.755426°
14/03/24 09:44 AM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Sirhira, Uttar Pradesh, India
8QR4+PM9, Sirhira, Bhikhampur, Uttar Pradesh 221403, India
Lat 25.340789°
Long 82.755426°
14/03/24 08:55 AM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Sirhira, Uttar Pradesh, India
8QR4+PM9, Sirhira, Bhikhampur, Uttar Pradesh 221403, India
Lat 25.340789°
Long 82.755426°
14/03/24 09:26 AM GMT +05:30
Google


NATIONAL SERVICE SCHEME
राष्ट्रीय सेवा योजना

# सात दिवसीय विशेष शिविर कार्यक्रम
## दिनांक 15 मार्च, 2024
## चतुर्थ दिवस

राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के चतुर्थ दिवस का आयोजन आज दिनांक 15/03/2024 को किया गया.शिविर के प्रथम सत्र का आरंभ प्रार्थना, NSS लक्ष्य गीत एवं योग अभ्यास से किया गया. उसके उपरांत महिला सशक्तिकरण जन-जागरूकता रैली निकाली गई रैली निकालते हुए भीखमपूर् ग्राम स्थित मे जा कर NSS शिविरर्थियो ने ICDS लाभर्थियो का सामाजिक सर्वे किया. आंगनवाड़ी केंद्र मे पूर्व शाला शिक्षा ले रहे बच्चो का विकास का मूल्यांकन कर उन्हे स्वयं के द्वारा बनाये गए वस्त्र वितरित किये. ICDS केंद्र में स्वयं सेवी शिविरार्थियो ने सर्वेक्षण किया एवं बच्चो को स्वस्थ्य एवं बल विकास के कार्यक्रम के बारे में महिलाओं को बताया.

भोजन- अवकाश के पश्चात् द्वितीय सत्र में बौद्धिक संगोष्ठी मे NSS कार्यक्रम अधिकारी डॉ सुधा तिवारी ने NSS शिविरार्थियो को सामाजिक सर्वे एवं रिपोर्ट प्रस्तुति के बारे मे बताया. जिसका उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से समृद्ध बनाना था. छात्राओं पूरे जोश से लवरेज अपने सशक्त होने और तदुपरांत राष्ट्रीय समृद्धि में अपने सक्रिय योगदान के संकल्प को दुहराया.इस अवसर पर महाविद्यालय की डॉ एस एंन वर्मा, डॉ राम कृष्ण गौतम, सुश्री गीता रानी शर्मा, डॉ. अर्चना गुप्ता, डॉ सर्वेश सिंह,डॉ घनश्याम सिंह, डॉ कमलेश सिंह, डॉ सुश्मिता कुमारी, सुश्री प्रिया मिश्रा, श्री राम किंकर सिंह, डॉ मिथिलेश मिश्र, श्री दयाराम, श्री मिट्ठू एवं अन्य स्टाफ उपस्थित थे.


vedanta
सप्त दिवसीय शिविर
राष्ट्रीय सेवा योजना
GPS Map Camera
Google
Sirhira, Uttar Pradesh, India
8QR4+PM9, Sirhira, Bhikhampur, Uttar Pradesh 221403, India
Lat 25.340789°
Long 82.755426°
15/03/24 11:02 AM GMT +05:30


GPS Map Camera
Google
Sirhira, Uttar Pradesh, India
8QR4+PM9, Sirhira, Bhikhampur, Uttar Pradesh 221403, India
Lat 25.340789°
Long 82.755426°
15/03/24 10:55 AM GMT +05:30


GPS Map Camera
Google
Sirhira, Uttar Pradesh, India
8QR4+PM9, Sirhira, Bhikhampur, Uttar Pradesh 221403, India
Lat 25.340789°
Long 82.755426°
15/03/24 10:46 AM GMT +05:30


GPS Map Camera
Google
Sirhira, Uttar Pradesh, India
8QR4+PM9, Sirhira, Bhikhampur, Uttar Pradesh 221403, India
Lat 25.340789°
Long 82.755426°
15/03/24 10:28 AM GMT +05:30


GPS Map Camera
Google
Sirhira, Uttar Pradesh, India
8QR4+PM9, Sirhira, Bhikhampur, Uttar Pradesh 221403, India
Lat 25.340789°
Long 82.755426°
15/03/24 12:06 PM GMT +05:30

# सात दिवसीय विशेष शिविर कार्यक्रम
# दिनांक 16 मार्च, 2024
# पंचम दिवस

राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के पंचम दिवस का आयोजन महाविद्यालय प्राचार्य प्रो (डॉ) सुधा पांडे के संरक्षण मे दिनांक 16/03/2024 को किया गया जिसके प्रथम सत्र मे प्रार्थना,लक्ष्य गीत एवं योग अभ्यास पश्चात NSS शिविरार्थियो द्वारा भीखमपुर ग्राम मे जागरूकता रैली निकाली गयी.NSS शिविरार्थियो द्वारा भीखमपुर ग्राम मे ग्राम के अंदर सफाई अभियांन चलाया गया. जिसमे सड़क एवं ग्राम के सार्वजनिक स्थान की सफाई की गयी , स्थानीय लोगो को स्वक्छता काट बारे में जागरूक किया गया एवं मुशहर जन जाति के लोगो का सर्वे कर उनके जीवन स्तर एवं सामाजिक मुद्दों को जानने की कोशिश की गयी.

भोजन- अवकाश के पश्चात् द्वितीय सत्र के बौद्धिक संगोष्ठी मे NSS कार्यक्रम अधिकारी डॉ सुधा तिवारी ने Digital Literacy पर व्याखान दिया. हिन्दी विभाग के अध्यक्ष डॉ. कमलेश वर्मा ने **"साहित्य और समाज के केंद्र में स्त्री विमर्श"** विषयक पर बोलते हुए कि स्त्री विमर्श उस साहित्यिक आंदोलन को कहा जाता है जिसमें स्त्री अस्मिता को केंद्र में रखकर संगठित रूप से स्त्री साहित्य की रचना की गई। हिंदी साहित्य में स्त्री विमर्श अन्य अस्मितामूलक विमर्शों के भांति हीं मुख्य विमर्श रहा है जो की लिंग विमर्श पर आधारित है. उन्होंने बताया कि स्त्री विमर्श का मौलिक उद्देश्य असमानता और विभेद को समाप्त करना है. इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक उपस्थित रहे. NSS कार्यक्रम अधिकारी डॉ सुधा तिवारी ने ने सभी अतिथियों को धन्यवाद दिया. शिविरार्थियों ने अगले दिन समापन के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारी किया तथा राष्ट्रगान के साथ छठवें दिन के कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा की गयी.इस अवसर पर महाविद्यालय के अन्य प्रध्यापक ,श्री मिट्ठू एवं अन्य स्टाफ उपस्थित हुयें.


NATIONAL SERVICE SCHEME
राष्ट्रीय सेवा योजना
सप्त दिवसीय शिविर
GPS Map Camera
Sirhira, Uttar Pradesh, India
8QR4+PM9, Sirhira, Bhikhampur, Uttar Pradesh 221403, India
Lat 25.340789°
Long 82.755426°
16/03/24 08:09 AM GMT +05:30


पं० दीनदयाल उपाध्याय
राजकीय बालिका महाविद्यालय
सेवापुरी, वाराणसी
सप्त दिवसीय शिविर
GPS Map Camera
Sirhira, Uttar Pradesh, India
8QR4+PM9, Sirhira, Bhikhampur, Uttar Pradesh 221403, India
Lat 25.340789°
Long 82.755426°
16/03/24 08:30 AM GMT +05:30




सप्त दिवसीय शिविर
GPS Map Camera
Sirhira, Uttar Pradesh, India
8QR4+PM9, Sirhira, Bhikhampur, Uttar Pradesh 221403, India
Lat 25.340789°
Long 82.755426°
16/03/24 10:56 AM GMT +05:30



पं० दीनदयाल उपाध्याय
राजकीय बालिका महाविद्यालय
दिवसीय शिविर


GPS Map Camera
Sirhira, Uttar Pradesh, India
8QR4+PM9, Sirhira, Bhikhampur, Uttar Pradesh 221403, India
Lat 25.340789°
Long 82.755426°
16/03/24 10:20 AM GMT +05:30


## सात दिवसीय विशेष शिविर कार्यक्रम
## दिनांक 17 मार्च, 2024
## षष्ठम दिवस

आज दिनांक 17 मार्च 2024 दिन रविवार को पं दीन दयाल उपाध्याय राजकीय बालिका महाविद्यालय, सेवापुरी, वाराणसी में राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर के **षष्ठम** दिन छात्राओं ने लक्ष्य गीत उपरांत छात्राओं ने स्वयं को स्वस्थ और निरोग रखने के लिए योगाभ्यास किया. शिविरार्थियों ने महाविद्यालय परिसर से निकल कर तक्खू की बौली बाजार तक पर्यावरण संरक्षण पर रैली निकाली गई, कार्यक्रम अधिकारी डॉ सुधा तिवारी के नेतृत्व में छात्राओं ने रैली के उपरान्त परिसर की सफाई, सज्जीकरण और योगाभ्यास किया।

भीखमपुर स्थित हरिजन बस्ती में रैली निकलते हुए NSS शिविरार्थियो द्वारा ग्राम के अंदर सफाई अभियांन चलाया गया. ग्रामीणों से बात चीत कर सामाजिक मुद्दे समझे एवं भ्रांतियों कोदूर करने का प्रयास किया. ग्रामीण महिलाओं से बेटियों को पढ़ाने को प्रोत्साहित किया एवं बाल विवाह के दुष-परिणाम बताएं. जिसमे सड़क एवं ग्राम के सार्वजनिक स्थान की सफाई की गयी, स्थानीय लोगो को स्वक्छता के बारे में जागरूक किया गया. मतदाता जगरूकता लाने हेतु नुक्कड़ नाटक किया गया जिसे स्थानीय लोगो ने देखा. जिसमें छात्राओं ने स्थानीय लोगों को पर्यावरण संरक्षण, सतत् विकास और जन स्वास्थ्य सम्बन्धी विचारों को व्यक्त किया।इस अवसर पर प्रो रविप्रकाश गुप्ता, कमलेश कुमार वर्मा, प्रो राम कृष्ण गौतम, प्रो सत्यनारायण वर्मा, प्रो अर्चना गुप्ता, डॉ सर्वेश कुमार सिंह, डॉ घनश्याम कुशवाहा, डॉ सौरभ सिंह, सुश्री गीता रानी शर्मा, डॉ सुष्मिता, प्रिया मिश्रा, राम किंकर सिंह, डॉ मिथिलेश मिश्रा आदि ने रैली संचालन में सहयोग किया।


GPS Map Camera
Sirhira, Uttar Pradesh, India
8QR4+PM9, Sirhira, Bhikhampur, Uttar Pradesh 221403, India
Lat 25.340789°
Long 82.755426°
17/03/24 09:03 AM GMT +05:30


GPS Map Camera
Sirhira, Uttar Pradesh, India
8QR4+PM9, Sirhira, Bhikhampur, Uttar Pradesh 221403, India
Lat 25.340789°
Long 82.755426°
17/03/24 09:16 AM GMT +05:30


GPS Map Camera
Sirhira, Uttar Pradesh, India
8QR4+PM9, Sirhira, Bhikhampur, Uttar Pradesh 221403, India
Lat 25.340789°
Long 82.755426°
17/03/24 09:20 AM GMT +05:30




GPS Map Camera
Sirhira, Uttar Pradesh, India
8QR4+PM9, Sirhira, Bhikhampur, Uttar Pradesh 221403, India
Lat 25.340789°
Long 82.755426°
17/03/24 09:05 AM GMT +05:30


GPS Map Camera
Sirhira, Uttar Pradesh, India
8QR4+PM9, Sirhira, Bhikhampur, Uttar Pradesh 221403, India
Lat 25.340789°
Long 82.755426°
17/03/24 09:12 AM GMT +05:30

# सात दिवसीय विशेष शिविर कार्यक्रम
# दिनांक 10 मार्च, 2021
# समापन

पं दीनदयाल उपाध्याय राजकीय बालिका स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सेवापुरी, वाराणसी में सप्त दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का सकुशल समापन हुआ. शिविरार्थियों ने प्रार्थना और योग से शुरुआत किया. छात्राओं ने राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रतीक चिह्न, जन जागरूकता अभियान से संबंधित मनमोहक रंगोलियां बनाईं। वहीं इस अवसर पर समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विजयेन्द्र दत्त दूबे ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। शिविरार्थियों ने शानदार लोकनृत्य की दी प्रस्तुति दी .मुख्य अतिथि विजयेन्द्र दत्त दूबे वहीं अपने उद्बोधन में अर्थ व्यवस्था प्रबंधन पर प्रकाश डालते हुए उसकी उपयोगिता को बताया। इस अवसर पर महाविद्यालय की संरक्षिका एवं प्राचार्य डॉ. (डॉ) सुधा पांडे ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्र सर्वोपरि है और राष्ट्रीय सेवा योजना आपको राष्ट्र की सुरक्षा और संरक्षा के लिए दायित्वबोध कराता है. राष्ट्रीय सेवा योजना जैसे कैम्प छात्राओं में नेतृत्व क्षमता सामूहिक व्यवहार और आत्म विश्वास का संचार करता है. छात्राओं को नई शिक्षा नीति के अनुरूप कल के भावी परिवेश के लिए स्वयं को तैयार करना है नही तो वे रेस में पिछड़ जाएगी. समापन समारोह के अवसर पर शिविरार्थियों ने शिविर में बिताये अपने अनुभव को साझा किया. कार्यक्रम का संचालन और धन्यवाद ज्ञापन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुधा तिवारी ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक उपस्थित रहे।

सेवापुरी। स्थानीय क्षेत्र के पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय बालिका महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का सोमवार को भव्य समापन हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विजयेन्द्र दत्त दूबे ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया और अपने उद्बोधन में अर्थ व्यवस्था प्रबंधन पर प्रकाश डालते हुए उसकी उपयोगिता को बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. सुधा पाण्डेय, प्राचार्य ने किया और कहा कि यह शिविर अपने व्यक्तित्व निर्माण की प्रक्रिया स्वरूप था, जहां आपने परस्पर संवाद स्थापित करने की कला सीखे। शिविरार्थियों ने नुक्कड़ नाटक बेटी पढ़ाओ,बेटी बचाओ, हास्य-व्यंग्य हमारे प्रिय नेताजी और लोक गीतों की धुन पर लोकनृत्य किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ सुधा तिवारी ने सात दिवसीय प्रशिक्षण की रिपोर्ट और आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर प्रो. कमलेश वर्मा, प्रो. सत्यनारायण वर्मा, प्रो. अर्चना गुप्ता, डॉ सर्वेश कुमार सिंह, डॉ घनश्याम कुशवाहा, डॉ कमलेश कुमार सिंह, डॉ सौरभ सिंह, सुश्री गीता रानी शर्मा, डॉ सुष्मिता, प्रिया मिश्रा आदि ने अपने विचार व्यक्त किये।



कालिका धाम मंडल मे भाजपा ने किया

सहारा | www.rashtriyasahara.com

## रंगोली व सांस्कृतिक कार्यक्रम संग रासेयो का विशेष शिविर र



### स्वयंसेविकाओं ने नुक्कड़ नाटक बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का



## ढाई किमी सड़क में खर्च होंगे 39.67 लाख

सड़क मरम्मत कार्य की स्वीकृति मिलने के बाद क्या कहते हैं ग्रामीण

### पीएसी पूर्वी जोन अंतर वाहिनी खेल प्रतियो





## मंत्रमुग्ध

कपसेठी 11 घंटे पहले



# सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का सकुशल समापन

**पूर्वाचल राज्य ब्यूरो**

**वाराणसी, सेवापुरी।** स्थानीय क्षेत्र के पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय बालिका महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का सोमवार को भव्य समापन हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विजयेन्द्र दत्त दूबे ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया और अपने उद्बोधन में अर्थ व्यवस्था प्रबंधन

नेताजी और लोक गीतों की धुन पर लोकनृत्य किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ सुधा तिवारी ने सात दिवसीय प्रशिक्षण की रिपोर्ट और







